**खबर संक्षेप**

## ई रिक्शा से बच्चे स्कूल आए तो प्रबंधन पर होगी एफआइआर

**कटनी।** एसडीएम कटनी प्रदीप मिश्रा ने गुरूवार को एक आदेश जारी कर ई-रिक्शा से स्कूली छात्र-छात्राओं का आवागमन पाये जाने पर संबंधित विद्यालय प्रबंधन के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। एसडीएम कटनी ने यह आदेश छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जारी किया है। जारी आदेश में उल्लेखित किया गया है कि कुछ विद्यालयों ने ई-रिक्शा के माध्यम से छात्र-छात्राओं का विद्यालय आना-जाना हो रहा है। साथ ही ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक संख्या में बच्चे बैठाये जा रहे हैं। चूंकि ई-रिक्शा दोनों साइड से खुल रहते हैं ।जिनमें सुरक्षा संबंधी समुचित व्यवस्था नहीं रहती और न ही कोई सपोर्टर लगा रहता है। ऐसी स्थिति में बच्चों के गिरने से दुर्घटना की संभावना हो सकती है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के प्राचार्यों और प्रबंधकों को पत्र लिखकर कहा गया है कि आप के स्कूल व संस्था में एलकेजी एवं यूकेजी से कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राएं ई-रिक्शा के माध्यम से विद्यालय नहीं आयें, ताकि कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।

### बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनगवां के खड़खड़ा मोहल्ला में हुई थी वारदात

# पत्नी का कत्ल करने वाले आरोपी पति को जंगल से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनगवां के खड़खड़ा मोहल्ला में चार दिन पहले आपसी तकरार में पति द्वारा पत्नी को मौत के घाट उतार दिया गया था। हत्या कारित करने के बाद आरोपित पति मौके से फरार हो गया था। गुरूवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि कि खड़खड़ा मोहल्ला में 30 मार्च को गोविंद सिंह गोड का अपनी पत्नी झिन्ना बाई से वाद विवाद हुआ। विवाद ज्यादा बढ़ा तो पति आगबबूला हो गया और उसने अपनी पत्नी पर सब्बल से हमला कर दिया। महिला के सिर में गंभीर चोट आई, स्थिति को देखकर पति मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल कार्यवाही की गई। मृतिका झिन्ना बाई के पुत्र अनुज सिंह पिता गोविंद सिंह गोड 25 वर्ष की रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में अपराध क्र. 204/25 धारा-103 (1) BNS का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



थाना प्रभारी एसआई किशोर द्विवेदी ने बताया वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मामले की मृतिका के फरार आरोपी पति की पता तलाश हेतु थाना स्तर पर तीन टीमों का गठन किया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से टीम द्वारा अविलंब तत्तरता से कार्यवाही करते हुए फरार आरोपी गोविंद सिंह गोंड़ की पता तलास हेतु ग्राम कोको डबरा, मोहनपानी, कारीबराह, पनसोखर, परसेल, अमराडांढ़ के जंगलो में लगातार प्रयास किया गया । आरोपी गोविंद सिंह पिता धूप सिंह गौड़ 47 वर्ष निवासी ग्राम धनगवां खड़खड़ा मोहल्ला की तलाश पतासाजी के दौरान पता चला कि आरोपी ग्राम भलवारा हार में कहीं छिपा बैठा है जो बताए हुए स्थान पर टीम द्वारा पहुंचने पर देखा तो आरोपी झाड़ियों के बीच बैठा मिला जिसको घेराबंदी कर स्टाफ की मदद से पकड़ा गया।

### मायके जाने की बात पर विवाद

आरोपी द्वारा मौके पर मेमोरण्डम कथन में बताया गया कि घटना दिनांक को सुबह करीब 8:30 बजे में मेरी पत्नी झिन्ना बाई अपने मायके जाने की जिद करने लगी जिसको मैंने जाने से मना किया था तो वह मना करने की बात को लेकर मुझसे लड़ाई करने लगी थी । तब मैंने गुस्से में आकर अपनी पत्नी झन्ना बाई को उसके सिर में एवं चेहरे में सब्बल से मारकर हत्या कर दिया था। घटना में प्रयुक्त लोहे की राड को आरोपी के द्वारा कमरे के अंदर से निकाल कर पेश किया। जिसे गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्ती की गई। आरोपी गोविंद सिंह गोंड़ पिता स्व. धूप सिंह गोंड़ उम्र 47 साल निवासी ग्राम खड़खड़ा मोहल्ला घनगवां को दिनांक 03.04.2025 को गिरफ्तार किया जाकर जेआर पर न्यायालय कटनी में पेश किया गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि किशोर कुमार द्विवेदी, उनि प्रदीप जाटव, उनि लेख सिंह परिहार, सउनि विक्रम सिंह, सउनि रघुवीर सिंह, सउनि महेश प्रताप सिंह, सउनि रामनाथ साकेत, प्र.आर. के.के. शुक्ला, लालजी यादव, आर. गौरीशंकर, आर. शिवप्रकाश तिवारी, दीपक सिंह, रवि कोरी एवं बृजलाल प्रजापति की भूमिका रही।



# मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर लगाए आरोप

**प्रदेशाध्यक्ष ने कहा महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल बुधवार को कटनी पहुंची। प्रदेशाध्यक्ष पटेल ने कटनी रेस्ट हाउस में महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन और बेटी बचाओ पखवाड़े के आयोजन पर चर्चा हुई। साथ ही सदस्यता अभियान को तेज करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान विभा पटैल ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं और नाबालिग बच्चियों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे हैं। फिर भी महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री और विधायक सत्ता के नशे में हैं। विभा पटेल ने कहा कि सरकार गैस सिलेंडर और लाड़ली बहना योजना का प्रचार कर रही है। लेकिन वास्तविकता में प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस इन मुद्दों पर सरकार को जवाबदेह बनाएगी। बैठक में शहर अध्यक्ष रजनी वर्मा, यशोदा पांडेय, मरावी पूर्व प्रदेश सचिव प्रमिला मरावी, कटनी जिला शहर कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी, पार्षद नन्ही बाई गोटिया, अदिता वर्मा, शोभा मंगलानी, सुमन रजक मौजूद रहीं।

**अनुविभागीय अधिकारी एवं यातायात प्रभारी के नेतृत्व में हुई कार्यवाही**

# स्कूली वाहनों की जांच, बीमा नहीं पाये जाने पर तीन हजार रूपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप मिश्रा एवं थाना प्रभारी यातायात राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा मिशन चौक स्थित बार्डस्ले स्कूल के स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया। स्कूल में बिना इंश्योरेंस के चल रहें एक वाहन पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर जुर्माना लगाया। अनुविभागीय अधिकारी एवं यातायात थाना प्रभारी की मौजूदगी में यह कार्रवाई हुई। जानकारी के अनुसार कुछ स्कूली वाहन और निजी वाहन बिना जरूरी दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों के चल रही थी। जब औचक निरीक्षण मे जांच की गई तो स्कूल में लगे स्कूली वाहन एवं निजी वाहन जिसमें स्कूली बच्चे आते जाते है जिसमे मैजिक वाहन क्रमांक MP-20-T-7697 के दस्तावेज चैक करने पर चालक द्वारा मौके पर कोई दस्तावेज पेश नहीं किए गए जिसे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना यातायात भेजा गया। वाहन मालिक द्वारा थाना मे उपस्थित होकर वाहन के वैध दस्तावेज पेश किए गए। दस्तावेज में वाहन का बीमा वैध न होने पर वाहन मालिक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर 3000 रुपए का चालान काटा गया। वाहन मालिक को वाहन के वैध दस्तावेज पूर्ण करने की समझाइश देखकर वाहन छोड़ा गया।

## तेज आवाज वाले साइलेंसर किये जब्त

**कटनी।** शहर के आधा दर्जन ऑटो मोबाइल्स दुकान में छापा मारकर तेज आवाज वाले साइलेंसर जब्त किए हैं। एसडीएम कटनी प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में कार्यवाही को अंजाम दिया। इस दौरान कई मोडिफाइड साइलेंसर को जब्त किया गया। कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने बताया कि बुलेट में तेज आवाज करने वाले साइलेंसरों को भी जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक संयुक्त टीम ने साहू ऑटो पार्ट्स, क्वालिटी ऑटो पार्ट्स, राधे राधे ऑटो पार्ट्स और माधवनगर स्थित बुलेट हाउस की शॉप पर कार्यवाही की गई। इसके अलावा साइलेंसरो को जब्त करते हुए असली और नकली की भी जांच की जा रही है। कार्यवाही के दौरान यातायात टीआई राहुल पाण्डे सहित आरटीओ के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# ग्रीष्मकालीन धान से खेत की उर्वरा शक्ति को होता है बड़ा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसान भाईयों को ग्रीष्मकाल में धान की बजाय ग्रीष्मकालीन दलहनी फसलें जैसे मूँग, तिल व ढेंचा उगाने की सलाह दी गई है। इन फसलों से खेत की मृदा (मिट्टी) का उर्वरा संतुलन बना रहता है। साथ ही ये फसलें कम पानी, कम समय और कम मेहनत में अच्छा व लाभदायक उत्पादन देती हैं। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान में पानी की अत्यधिक जरूरत पड़ती है। ग्रीष्मकालीन धान व उसके बाद खरीफ में धान की फसल लगाने से पोषक तत्वों का अत्यंत दोहन हो जाता है और मृदा की उर्वरता अर्थात उत्पादन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। साथ ही ग्रीष्मकालीन धान में पेस्टीसाइड एवं दवाइयों के अधिक उपयोग से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। ग्रीष्मकाल में धान की बजाय मूंग उगाने से खरीफ में समय से धान लगाई जा सकती है। जाहिर है खरीफ के धान की समय से कटाई हो जाती है और गेहूँ की बुवाई कर अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इससे फसल चक्र के सिद्धांत का भी पालन हो जाता है जो खेत की उत्पादन क्षमता बनाए रखने के लिये अत्यंत जरूरी है। किसान भाई ग्रीष्मकाल में मूंग के अलावा तिल की फसल भी उगा सकते हैं। साथ ही खरीफ में जिस रकबे में धान प्रस्तावित है, उसमें हरी खाद प्राप्त करने के लिये सन या ढेंचा उगा सकते हैं। इसे खेतों में पढ़ने पर मृदा की उर्वरता उच्च स्तर पर पहुँच जाती है।

# साधुराम विद्यालय में 7 से 12 अप्रैल तक लगेगा पुस्तक, स्टेशनरी, गणवेश मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के अभिभावकों और पालकों को कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक की स्टेशनरी, पुस्तकें, यूनिफॉर्म एक ही स्थल पर वाजिब मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिये कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक शहर के साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में पुस्तक, स्टेशनरी, गणवेश मेला आयोजित किया जाएगा। मेला का आयोजन दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगा। पुस्तक व गणवेश मेला के आयोजन के लिए कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। इसके तहत जिला शिक्षा अधिकारी को मेले का नोडल अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ये दोनों अधिकारी जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में कार्य करेंगें । इसी प्रकार मेला स्थल साधुराम विद्यालय में कानून व्यवस्था का दायित्व एसडीएम कटनी व तहसीलदार कटनी को सौंपा गया है।

इसके अलावा यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन आदि का दायित्व पुलिस विभाग और जिला परिवहन अधिकारी तथा यातायात प्रभारी को सौंपा गया है। इसके अलावा मेले के दौरान प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं का दायित्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा गया है।

पुस्तक मेले के दौरान स्वच्छता पेयजल, प्रकाश एवं पार्किंग, शौचालय, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था का दायित्व आयुक्त नगर निगम तथा पार्किंग के लिए बैरीकेडिंग स्टॉपर सहित मेला परिसर की ड्राइंग व डिजाइन तैयार करने का दायित्व लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को सौंपा गया है। मेला परिसर में विद्युत एवं प्रकाश की निर्बाध आपूर्ति का दायित्व बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री और सहायक यंत्री को सौंपा गया है।



## कालका भवानी के दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालु

**विजयराघवगढ़।** राजकोठी प्रांगण विजयराघवगढ़ में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी राजकोठी सार्वजनिक कालिका उत्सव समिति, द्वारा चैत्र नवरात्रि पर आदि शक्ति मां कालिका भवानी की भव्य मूर्ति स्थापित करवाई गई हैं। शारदा माता और बंजारी माई की नगरी विजयराघवगढ़ में मां कालिका भवानी के दर्शन करने प्रातःकाल से रात्रि अंत तक भक्त पहुंच रहें हैं।

### अधिकारियों को परीक्षण कर निराकृत करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने जनसंवाद कार्यक्रम में सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम खम्हरिया में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां आस-पास के दूरदराज गांवों से पहुंचे 126 आवेदकों ने खुल कर कलेक्टर श्री यादव को अपनी समस्याओं की जानकारी दी। कलेक्टर ने हर व्यक्ति की समस्या को बड़े धैर्य और आत्मीय भाव से सुना और अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान जिपं सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम ढीमरखेड़ा विंकी सिंह मारे उइके, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह और जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा, तहसीलदार आशीष अग्रवाल, नायब तहसीलदार दिनेश असाटी सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।



### माध्यमिक शाला का हाईस्कूल में करें उन्नयन

जनपद पंचायत अध्यक्ष ढीमरखेड़ा सुनीता संतोष दुबे ने अभिभावकों की ओर से कलेक्टर को आवेदन देते हुए बरौदा माध्यमिक शाला को हाईस्कूल में उन्नयन करने की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर ने डीईओ को स्कूल में कुल छात्र संख्या एवं अन्य पात्रताओं का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मजरा टोला भरतपुर निवासी इन्द्रपाल सिंह, मुकेश सिंह मरावी, आशाबाई, फूलसिंह मरावी एवं अन्य ग्रामवासियों ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए मजरा टोला भरतपुर को राजस्व ग्राम का दर्जा देने की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने अधीक्षक भू-अभिलेख को परीक्षण कर समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम कुदरा निवासी जगन्नाथ सिंह, अमित, शैलेन्द्र, विवेक सिंह, सुनील यादव एवं अन्य ग्रामवासियों ने आवेदन देते हुए बताया कि शासकीय भूमि खसरा नंबर 698 में सतेन्द्र सिंह पिता तारक सिंह का एवं खसरा नं. 747 में रामचन्द्र पिता शिवशंकर कुशवाहा एवं रामसुधार पिता दूधनाथ कुशवाहा द्वारा अतिक्रमण किया गया है। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



## खबर संक्षेप



### चाकू लेकर दहशत फैला रहे युवक को किया गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत सिद्धपीठ जालपा मंदिर में ड्यूटी पर तैनात पुलिस उपनिरीक्षक रश्मि सोनकर को जानकारी मिली कि एक लड़का जो खटके दार चाकू लेकर मंदिर के पास गरीबों को चाकू लेकर डरा धमका कर रुपयों की मांग कर रहा था एवम लोगो मे दहशत उपन्न कर रहा था। रश्मि सोनकर ने तत्काल दल बल सहित मौके पर पहुंचीं एवम दहशत फैलाने वाले को पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले किया।

### गेहूँ उपार्जन के लिये 9 अप्रैल तक होंगे पंजीयन

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों के हित को दृष्टिगत रखते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी।जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है, वे 9 अप्रैल तक गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर करायें। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गेहूँ उपार्जन के लिये निर्धारित 85 पंजीयन केन्द्रों के माध्यम से 3 अप्रैल तक 41 हजार 616 किसान पंजीयन करा चुके हैं। जिले में गेहूँ का उपार्जन का कार्य जारी है।

### उन्नत नस्ल की गाय के लिए पुरस्कार योजना

**कटनी।** भारतीय गोवंशीय गायों के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए विशेष पुरस्कार योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत जिले के पशुपालकों के पंजीयन की अंतिम तिथि शुक्रवार 4 अप्रैल है। उच्च उत्पादकता वाली गायों को विशेष पुरस्कार दिया जायेगा। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपये और राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार दो लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार एक लाख रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 50 हजार रुपये दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए पशुपालन विभाग कटनी, के नजदीकी पशु चिकित्सा केन्द्र से सम्पर्क किया जा सकता है। उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर के सोनी ने बताया कि इस योजना के तहत विकास खंड स्तर में चयनित पात्र गायों के तीन टाईम के दूध उत्पादन का मूल्यांकन का कार्य 5, 6 एवं 7अप्रैल को पशु पालकों के परिसर में विभाग द्वारा गठित दल द्वारा किया जायेगा, ।जिसके आधार पर जिला स्तरीय कमेटी द्वारा योग्य एवं अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाली गायों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय घोषित कर पुरस्कृत किया जायेगा। डॉ सोनी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशु पालकों के बीच देशी एवं भारतीय नस्लों को बढ़ावा देना और उच्च दूध उत्पादकता को प्रोत्साहित करना है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जागरूकता अभियान

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विभिन्न जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के तहत दीवार लेखन के माध्यम से आम जनों को जल के महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। गुरूवार को पहाड़ी नवांकुर संस्था मंथन समाज विकास समिति बंडा द्वारा पहाडी निवार, तखला, बण्डा, लखपतेरी में दीवार लेखन के माध्यम से पानी का संरक्षण करने से जीवन का संरक्षण होने, जल है कल है, जल ही जीवन है, जल बचाओ जीवन बचाओ, हम सबकी यही पुकार, जल न व्यर्थ बहे बेकार, पानी को बचायेंगे, देश मे खुशहाली लाने का संदेश दिया जा रहा है। उपरोक्त दीवार लेखन का कार्य नवांकुर संस्था द्वारा गांव गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान हेतु किया जा रहा है।

### स्कूल की वेबसाईट में पुस्तक प्रकाशकों के नाम सहित सूची अपलोड करने दिये निर्देश

# कलेक्टर ने दी सख्त हिदायत, दुकान विशेष से सामग्री खरीदने बाध्य न करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले के सभी अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्राचार्यों और संचालकों को अपने स्कूल की वेबसाइट में स्कूल में लगने वाली पुस्तकों प्रकाशकों के नाम सहित सूची अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कलेक्टर ने कहा कि पुस्तक विक्रेता दुकानदार भी दुकान में मूल्य सूची का बोर्ड अवश्य लगायें। यह बात गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने कहा।



इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत, जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, जिला परियोजना समन्वयक केके डेहेरिया, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कटनी तनुश्री जैन, सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी, सहायक जिला परियोजना समन्वयक अभय जैन सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने अशासकीय स्कूलों के संचालकों और प्राचार्यों को साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाले पुस्तक, स्टेशनरी और गणवेश मेला के आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुये सभी से सहयोग की अपेक्षा की। यह मेला दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तक होगा। उन्होंने बताया कि पुस्तक मेला में पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफार्म और स्कूल बैग आदि का विक्रय किया जायेगा।

कलेक्टर ने निजी स्कूल संचालकों को दो-टूक लहजे में ताकीद किया कि वे विद्यार्थियों व अभिभावकों को पुस्तकें, शाला गणवेश एवं स्कूल बैग इत्यादि दुकान विशेष से क्रय करने हेतु बाध्य नहीं करें। विद्यार्थी व पालक किसी भी दुकान से शैक्षणिक सामग्री क्रय करने हेतु स्वतंत्र होने चाहिए।

इसी प्रकार कलेक्टर ने स्कूलों द्वारा संचालित स्कूल बसों और ऑटो के संबंध में चर्चा के दौरान कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसलिए ये सभी स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि समय-समय पर शासन द्वारा और सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूल बसों के संचालन के मानक नियमों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित हो।

बस में चलने वाले ड्राइवर, कंडक्टर व अन्य स्टाफ का पुलिस सत्यापन कराया जाये, बसों में आग बुझाने के उपकरण हो, स्कूल बस लिखा हो और प्राथमिक चिकित्सा किट सहित अन्य जरूरी निर्देशों का पालन सुनिश्चित हो।

कलेक्टर श्री यादव ने स्कूल बसों की फिटनेस के परीक्षण के लिए आरटीओ, ट्रैफिक पुलिस, कार्यपालिक दंडाधिकारी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के टीम गठित करने की जानकारी देते हुए कहा कि यह टीम जिले के स्कूल बसों के फिटनेस की औचक जांच करेंगें। बसों में इमरजेंसी नंबर भी लिखे होने चाहिए।

इसी प्रकार से उन्होंने छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल ऑटो रिक्शा में तय क्षमता के अनुरूप ही बच्चों को बैठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा हम सब के लिए सर्वोपरि होना चाहिए।

बैठक में कलेक्टर ने आरटीई के तहत गरीब वर्ग के बच्चों की स्कूल में प्रवेश प्राथमिकता से देने के निर्देश दिए।



## 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम में शामिल हुए अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूल चलें हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव के दौरान आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को अपर कलेक्टर साधना परस्ते सहित अन्य 99 अधिकारियों ने जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों में पहुंचकर 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से प्रेरणास्पद संवाद किया। अपर कलेक्टर श्रीमती परस्ते शासकीय हाईस्कूल गुलवारा में पहुंचकर 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम में सहभागी बनी।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम में अधिकारियों की स्कूलवार ड्यूटी लगाई थी। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर सभी संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर,सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के सीईओ सहित सभी विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों ने स्कूलों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को ज्ञानवर्धक जानकारियां प्रदान की।

### पुस्तक वितरण के साथ ही विशेष भोज का भी हुआ आयोजन

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया एवं विशेष भोज का भी आयोजन किया गया। साथ ही सभी अधिकारियों ने प्रवेशोत्सव के लिए छात्रों की उपस्थिति संख्या, शाला में साफ-सफाई, पीने की पानी की उपलब्धता, मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता व गुणवत्ता, हैंडवाश की उपलब्धता, स्कूल में टॉयलेट की स्थिति व उपलब्धता व स्कूल भवन की स्थिति से संबंधित जानकारी निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर दी।

### मुड़वारा विधायक सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## पुराने कन्या महाविद्यालय में केन्द्रीय विद्यालय की संभावनाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के लिए स्वीकृत हुआ नया केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी नंबर 3 नगर निगम कार्यालय के समीप स्थित पुराने शासकीय कन्या महाविद्यालय के भवन में संचालित करने की संभावनाओं का बुधवार को जायजा लिया गया।

इस दौरान विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत, जबलपुर से आये केन्द्रीय विद्यालय संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय के उपायुक्त डीआर मीणा और केन्द्रीय विद्यालय एन.के.जे. के प्राचार्य एवं केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी नंबर 3 के प्रभारी प्राचार्य पंकज कुमार जैन मौजूद रहें।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि यहां नये केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी नंबर 3 को शुरू करने के लिए प्रारंभिक तौर पर न्यूनतम 7 वाय 7 मीटर क्षेत्रफल वाले 15 कमरों की आवश्यकता पड़ेगी। केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारियों ने पुराने कन्या महाविद्यालय के भवन और यहां उपलब्ध कमरों व शौचालय आदि की उपलब्धता पर संतोष जताया ।

पुराने शासकीय कन्या महाविद्यालय के भवन में वर्तमान में कमरों की मरम्मत, रंगाई-पुताई का कार्य जारी है। साथ ही शौचालयों की भी मरम्मत व सुधार कार्य यहां पर प्रगति पर होना पाया गया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, आयुक्त नगर निगम नीलेश दुबे, जिला परियोजना समन्वयक केके डेहेरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 8 लाख रूपए से सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन



महापौर प्रीति संजीव सूरी, एमआईसी सदस्य एवं स्थानीय पार्षद बीना बैनर्जी की उपस्थिति में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड की वरिष्ठ नागरिक सुशीला श्रीवास जी से संपन्न कराया गया ।उक्त सड़क का निर्माण वेंकट वार्ड स्थित शास्त्री कॉलोनी गली नं 3 में लगभग 8 लाख की लागत से कराया जाएगा जिससे लोगो का आवागमन और अधिक बेहतर होगा। महापौर श्रीमती सूरी ने उक्त सी .सी सड़क के निर्माण के दौरान गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने हेतु ठेकेदार को निर्देश दिए हैं,साथ ही उक्त स्थल पर स्थानीय निवासियों को नाली निर्माण कराने का भी आश्वासन दिया है।

### रीठी थाना क्षेत्र का मामला, भांजी ने जब बच्चे को जन्म दिया तब खुली करतूत

## अपनी भांजी के साथ दो साल तक दुष्कर्म करता रहा मामा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपनी सगी भांजी से करीब दो साल तक डरा धमकाकर मामा दुष्कर्म करता रहा है। भांजी ने रेल सफर के दौरान एक शिशु को जन्म दिया तो उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में पूछताछ के दौरान उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। बलात्कारी मामा को रीठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि उसके सगे मामा के द्वारा लगातार 2 साल तक अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए गए। विरोध करने पर आरोपी मामा उसे डराने धमकाने लगता। बीते दिनों वह अपने परिवार वालों के साथ खंडवा में मजदूरी करने गई थी। 8 जनवरी 2025 को जब युवती अपने मौसा के साथ कटनी वापस लौट रही थी तो रास्ते में ही ट्रेन में उसने एक बच्चे को जन्म दिया। यात्रा के दौरान बच्चों का जन्म होने के कारण उसे मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### आरोपी को भेजा गया जेल

मामले की गंभीरता को देखते हुए रीठी थाना प्रभारी राखी पांडे ने इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं मुख्यालय एसडीओपी उमराव सिंह को प्रदान की। पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पूछताछ करते हुए पुलिस ने दुष्कर्मी मामा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज करने के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी रीठी निरीक्षक राखी पांडे, उप निरीक्षक विनोद पटेल, सहायक उप निरीक्षक सुशील प्रजापति, प्रधान आरक्षक भोलाराम गुप्ता, आरक्षक नितेश दुबे, आरक्षक अमन सिंह, आरक्षक ज्ञानेंद्र, आरक्षक विजय वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### हनुमान मंदिर से शुरू हुआ जुलूस, प्रसाद का वितरण

## निषादराज जयंती पर उमरियापान में झांकी सजाकर निकाली गई शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान में बर्मन,मांझी और केवट समाज के द्वारा बुधवार को गुहा निषादराज की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह से मनाई गई। समाज के लोगों ने भगवान की झांकियां सजाकर गांव में जुलूस निकाला गया। बुधवार सुबह से ही सिद्ध महाराज की भटिया स्थित हनुमान मंदिर में समाज के लोग एकत्रित हुए। भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान मंदिर से जुलूस शुरू हुआ।

### इन मार्गों से निकला जुलूस

जुलूस बस्ती अंदर होते हुए खेर माता मंदिर,आजाद चौक, न्यू बस स्टैंड ,झंडा चौक,बड़ी माई मन्दिर, बरातरे सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः हनुमान मंदिर पहुँचा।जहा पर जुलूस का समापन हुआ।जुलूस शोभायात्रा में भगवान श्रीराम,माता सीता,लक्ष्मण कुमार, केवट और निषादराज की आकर्षक झाकियां शामिल रहीं।राधा कृष्ण बने कलाकार मनमोहक नृत्य करते रहे।बैंड बाजों और डीजे की धुन में निकले जुलूस पर युवक युवतियां जमकर थिरके। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया। लोगों ने भगवान का पूजन अर्चन कर मिष्ठान खिलाकर जलपान कराया गया।श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। हनुमान मंदिर में समाज के वरिष्ठ लोगों ने अपने अपने विचार रखे। इस दौरा बड़ी संख्या स्वजातीय युवा बुजुर्गों के साथ युवतियां व महिलाएं शामिल रहीं।

### स्कूल चलें हम अभियान के तहत केसीएस स्कूल पहुंचे अधिकारी

## स्कूल पहुंचे कलेक्टर ने शिक्षक बनकर छात्राओं को पढ़ाया गणित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूल चलें अभियान के तहत जारी प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान बुधवार को जिले भर की शासकीय स्कूलों में श्भविष्य से भेंटश्कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी कड़ी मे कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव नगर निगम परिसर स्थित कस्तूरचन्द स्वर्णकार कन्या माध्यमिक विद्यालय (केसीएस स्कूल) की कक्षा 10 वीं में श्भविष्य से भेंटश कार्यक्रम में शामिल होने बुधवार को यहां पहुंचे। यहां कलेक्टर श्री यादव शिक्षक की भूमिका में दिखे, जहां उन्होंने खुद चाक थाम, ब्लैक बोर्ड पर छात्राओं को त्रिभुज के प्रकार और उनका क्षेत्रफल निकालने का आसान तरीका बताया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत भी मौजूद रहें।





स्थानीय केसीएस स्कूल की कक्षा 10 वीं में पहुंचे कलेक्टर श्री यादव ने छात्राओं से प्रेरणादायी संवाद कर जीवन में सफल होने का पाठ पढ़ाया। कलेक्टर ने 10वीं कक्षा में गणित (त्रिकोणमिति) के तहत चतुर्भुज व त्रिभुज के प्रकार, परिभाषा व परिमाप ज्ञात करने का फॉर्मूला व तरीका छात्राओं से पूछा। इसके बाद कलेक्टर ने खुद चाक थामकर,छात्राओं को इसे बड़े सहज भाव से समझाया। वहीं सामाजिक विज्ञान में न्यूटन के नियम के बारे में छात्राओं से पूछा।

### बच्चों ने सवालों के दिए जवाब

कलेक्टर ने छात्राओं से अनुशासन व मेहनत के साथ खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कहते हुये छात्राओं से जीवंत संवाद स्थापित कर लिया। जिससे छात्राओं ने बिना किसी झिझक व हिचकिचाहट के कलेक्टर द्वारा पूछे गये सवालों का बेहिचक जवाब दिया। कलेक्टर ने छात्राओं से भारत देश के नक्शे में मध्यप्रदेश की स्थिति सहित हिन्दी विषय की चर्चा करते हुये छात्राओ से हिंदी की की विधा में रसों के प्रकार के बारे में पूछा। उन्होंने छात्राओं से यह भी कहा कि सबसे अच्छी पढ़ाई कौन से टीचर कराते हैं। जिनके द्वारा पढ़ाई गयी बातें आपको समझ आती है और अच्छी लगती है। इसके पहले कलेक्टर के कक्षा 10वीं में पहुंचने के दौरान यहां कक्षा शिक्षक रश्मि चतुर्वेदी विज्ञान विषय में छात्राओं को रासायनिक समीकरणों का पाठ पढ़ाते हुए मिलीं।

इस दौरान एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा,जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, निगमायुक्त नीलेश दुबे, जिला परियोजना समन्वयक केके डेहेरिया मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को तिलक लगाकर विद्यालय में कराया गया प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में प्रवेशोत्सव मनाया गया। छात्र छात्राओं को रोली तिलक वंदन लगाकर स्कूल में प्रवेश कराया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, विद्यालय के पूर्व प्राचार्य उदयराज बिसेन एवं वर्तमान प्राचार्य देवेंद्र कुमार जायसवाल और विद्यालय के समस्त शैक्षिक स्टाफ की उपस्थिति में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक वंदन लगाकर मीठा खिलाकर पुष्प मालाओं के साथ स्वागत किया गया।

### उपस्थिति बढ़ाने हुई चर्चा

नव प्रवेषित छात्र छात्राओं को पुस्तकें वितरित की गई एवं छात्र छात्राओं को मीठा खिलाकर खिलाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया एवं निरंतर बच्चों की कक्षा में उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### तेन्दूपत्ता तोड़ने वालों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही

**दमोह।** भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं उसके अंतर्गत बनाये गये नियम जैव विविधता संरक्षण एवं पोषणीय कटाई नियम 2005 के नियम 4 के प्रावधानो के अंतर्गत वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे ने एक आदेश जारी कर दमोह जिले के पूर्ण क्षेत्र को 30 अप्रैल 2025 तक की अवधि के लिए तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है। उन्होंने समस्त उप वनमंडल अधिकारी/परिक्षेत्र अधिकारी वनमंडल से कहा है समस्त क्षेत्र में मुनादी कराकर जनसामान्य की जानकारी में लाये तथा निषिद्ध क्षेत्र में तेन्दूपत्ता तोड़ने वालों के विरूद्ध धारा 26 एवं 29 के अनुसार कड़ी कार्यवाही की जाये।

### श्रीमद् देवी भागवत कथा से भक्ति में डूबा तेंदूखेड़ा

**दमोह।** नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर की गौरैया घाट स्थित बड़ी खेर माई में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा के छठवें दिन भक्तों का उत्साह और भक्ति में नगर सराबोर है। बड़ी खेर माई में प्रातः काल से आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री द्वारा यजमानों से आवाहित देवी देवताओं का वैदिक पध्दति से पूजन कराया जा रहा और आयोजित इस नौ दिवसीय कथा के छठवें दिन दोपहर के समय से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माँ भगवती की महिमा सुनने के लिए एकत्र हुए। कथा स्थल पर भक्ति का ऐसा समुद्र उमड़ा कि हर ओर माँ दुर्गा के जयकारों की गूँज सुनाई दे रही थी। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि सामाजिक एकता और आध्यात्मिक जागरण का भी प्रतीक बन गया। छठवें दिन की कथा में वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथावाचक रामनयन जी महाराज ने माँ भगवती की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण और संगीतमय वर्णन किया। इस दिन की कथा में माँ दुर्गा के महिषासुर मर्दिनी स्वरूप और उनके द्वारा असुरों के संहार की गाथा को विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया। कथावाचक ने बताया कि कैसे माँ ने अपनी असीम शक्ति से दुष्टों का नाश कर धर्म की स्थापना की। इसके साथ ही, उन्होंने भक्तों को यह संदेश भी दिया कि जीवन में सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने से हर संकट से मुक्ति मिलती है। कथा के दौरान माँ के चमत्कारों और भक्तों पर उनकी कृपा की कथाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथावाचक ने श्रीमद् देवी भागवत पुराण के श्लोकों का उच्चारण करते हुए कहा, "जो भक्त माँ की भक्ति में लीन हो जाता है, उसके लिए भोग और मोक्ष दोनों सुलभ हो जाते हैं।

### गनेश यादव का निधन

**दमोह।** जिला युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव के पिता गनेश यादव का निधन हो गया वह लंबे समय से अस्वस्थ्य थे उनका अंतिम संस्कार हटा नाका मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में समाज के सभी वर्गा के व्यक्तियों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पिक की।

# नपा सीएमओ के बयानों को लेकर भाजपा पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

**जांच के दौरान सार्वजनिक बयानबाजी पर कार्यवाही की मांग, आरोपो को लेकर साक्ष्य प्रस्तुत करने कही बात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

गुरुवार को सकल हिंदू समाज एवं भाजपा पार्षद दल ने कलेक्टर दमोह के नाम एक ज्ञापन सोपा जिसमें पिछले दिनों हुई घटना के संदर्भ में नगर पालिका अधिकारी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो बयान बाजी की गई उसको लेकर कलेक्टर महोदय के समक्ष ज्ञापन सोपा सकल हिंदू समाज के युवा जिला अध्यक्ष मोंटी रैकवार ने बताया कि धार्मिक ध्वज हटाए जाने के मामले में जांच कमेटी गठन होने के पश्चात किसी भी तरह की बयान बाजी ना करने के लिए कलेक्टर महोदय द्वारा दोनों पक्षों से कहा गया था। ताकि त्यौहार के समय किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था बाधित न हो लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा प्रशासनिक निर्देशों की अवहेलना करते हुए अपने ऑफिस में मीडिया के सामने घटना के संबंध में बयान बाजी की जो की जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप माना जावेगी। वहीं दूसरी और नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष के साथ एक ज्ञापन पार्षद दल ने भी सौंपा जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा मीडिया को दी गई। जानकारी के बारे में यह कहा कि मेरा मुंह काला करने में नगर पालिका कर्मचारी एवं पार्षदों की साजिश है पार्षदों ने ज्ञापन देकर कलेक्टर महोदय से मांग की है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा यह जो आरोप पार्षदों पर लगाए जा रहे उन पार्षदों के नाम बताएं साथ ही तथ्य प्रस्तुत करें अगर 3 दिवस के भीतर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए तो हम पार्षद अग्रिम कार्यवाही के लिए बाध्य होंगे।

## कर्मचारि संघो ने संयुक्त रूप से कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** नगरपालिका परिषद, दमोह में कार्यरत कर्मचारियों की माँगों के निराकरण नहीं करने के संबंध में कर्मचारी संघो ने संयुक्त रूप से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि निकाय के कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद, दमोह के लिए अनेकों बार मौखिक एवं पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया साथ ही माह दिसम्बर 2024 में संयुक्त रूप से सफाई एवं सामान्य कर्मचारी संगठनों के द्वारा समस्याओं के निराकरण के लिए 02 दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसमें जिला प्रशासन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद, दमोह के आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया गया था। परंतु आज दिनांक तक मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा समस्याओं के निराकरण के संबंध में किसी भी प्रकार से सकारात्मक कार्यवाही नहीं कि गयीइसके विपरीत मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुबारा उस हड़ताल अबधि के दो दिन का बेतन भी उपसंचलक के आदेश के बाद भी अपनी हटधर्मिता में नही दे रहा है और कर्मचारी बिरोधी कार्य कर रहा है बल्कि इसके विपरीत प्रत्येक कार्य दिवस पर कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से किसी न किसी प्रकार से प्रताड़ति किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के प्रति आक्रोश की भावना उत्पन्न होने कि संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अतः विनम्र निवेदन आग्रह है उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा जी के लिए नगरपालिका परिषद, दमोह से मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पद से पृथक कर जिले में किसी अन्य कार्यालय या जिले से बाहर स्थानांतरित किये जाने संबंधी कार्यवाही प्रस्तावित की जाना कर्मचारियों के हित में होगा। अन्यथा की स्थिति में समस्त कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन और व्यक्ति गत रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकार की होगी। साथ ही कर्मचारी संघो ने संयुक्त रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा को भी अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और वेतन को नियत दिनांक तक देने की मांग की गई।

# आचार्य श्री की तेंदूखेड़ा में होगी भव्य आगवानी



**तेंदूखेड़ा।** आचार्य श्री समय सागर जी महामुनिराज संसघ की आज नगर में भव्य आगवानी की जाएगी। भव्य आगवानी के लिए सकल जैन समाज के द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही है। जगह जगह गेट वंधनवार एवं घरो के सामने रंगोलियां सजाई जा रही है। ज्ञात हो कि गुरूवार को आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के ससंघ की ग्राम हर्रई में अहारचर्या हुई। सामायक के वाद आचार्य श्री का हर्रई ग्राम से दोपहर 3 बजे विहार हुआ साथ ही रात्रि विश्राम ग्राम खेरा हुआ। सुबह लगभग 7 बजे नगर में आचार्य श्री की भव्य आगवानी बैंड गाजे बाजो के साथ की जाएगीं।

# नर्मदा-सुनार लिंक परियोजना के संबंध में सांसद ने मुद्दा उठाया

**दमोह।** दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने लोकसभा में नर्मदा-सुनार लिंक परियोजना के संबंध में ध्यानाकर्षण कराया। अपरान्ह लोकसभा में लोक महत्व के मुद्दे पर चर्चा के दौरान नर्मदा-सुनार लिंक परियोजना के संबंध में ध्यानाकर्षण कराया। जिसमें नर्मदा जी नरसिंहपुर के पतई घाट से मेरे संसदीय क्षेत्र की देवरी विधानसभा अंतर्गत



कसला तड़ा के पास बराझ नदी का दूरी 20 किलोमीटर है और तकरीबन उतनी ही दूरी बरांझ नदी से सुनार नदी की है। माँ नर्मदा जी का जल बरांझ नदी से होते हुए सुनार में लिंक कर दिया जाए तो इससे सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति पूर्ण हो जाएगी। जब यह पानी सुनार नदी के माध्यम से आएगा तो देवरी, रहली, गढ़ाकोटा, पथरिया ब्लॉक के ग्राम- इमलिया से नरसिंहगढ़ होते हुए हटा विधानसभा अंतर्गत खमरगौर में व्यारमा नदी की ओर पहुँच जायेगा। इस परियोजना के क्रियान्वयन होने से सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति पूर्ण होगी। जिससे किसानों को खेती और पीने के जल का लाभ होगा। यह परियोजना जल संरक्षण एवं सिचाई व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** गत दिवस नगर के शासकीय एकीकृत वीर दुर्गादास मागंज स्कूल दमोह में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रोटरी क्लब के अध्यक्ष , पूर्व अध्यक्ष रोटे. किशनलाल हुरा, रोटे० अजीत जैन, रोटे० राजेन्द्र सेठिया व सभी सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण व करियर व शिक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं चर्चा की गई। इस आयोजन में शाला की शिक्षिका मीना खरे खरे व सभी शिक्षिकाएँ उपस्थित रही। शाला की प्रभारी प्राचार्य श्रीमति स्वाति जैन ने अपने विचार व्यक्त करते करते हुए आभार प्रर्दशन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक सुरेंद्र सिकर्रा जी द्वारा किया गया।

## धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पटेरा।** थाना पटेरा अंतर्गत ग्राम तिरगढ़ में एक व्यक्ति द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने की घटना प्रकाश में आया है। प्राप्त सूचना के अनुसार आरोपी धनीराम पटैल (55 वर्ष) ने ग्राम स्थित 40 वर्ष पुराने हनुमान मंदिर से बजरंग बली की मूर्ति हटाकर स्थानीय लोगों की आस्था को ठेस पहुँचाई। घटना की सूचना मिलते ही, पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में, एसडीओपी हटा के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक सरोज ठाकुर व थाना स्टाफ द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। प्रार्थी रामेश्वर पिता तखत पटैल 58 वर्ष की रिपोर्ट के आधार पर थाना पटेरा में अपराध क्रमांक 80/25 धारा 296, 298, 351(2) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस टीम ने सक्रिय रूप से आरोपी की तलाश प्रारंभ की। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार छिपता रहा, लेकिन प्रभावी पुलिस प्रयासों के चलते घटना के मात्र दो घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी में थाना प्रभारी निरी. सरोज ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक महेश उपाध्याय, बलदेव प्रसाद, प्रधान आरक्षक पूरनलाल , रुपलाल, आरक्षक रामकृष्ण, चंद्रकांत, राघवेन्द्र, नीतेश, अनिल सिंह, सायबर सेल टीम – प्रधान आरक्षक राकेश, प्रधान आरक्षक सौरभ सहित का सहयोग रहा।

# कौरता गांव में स्टॉप डैम कम रपटा निर्माण कार्य अटका



**बनवार।** कौरता गांव के नाव घाट के स्टॉप डैम कम रपटा निर्माण कार्य को लेकर किसानों और ग्रामीणों को बहुत परेशानी हो रही है। इस समस्या का समाधान करने के लिए आम आदमी पार्टी के मजदूर यूनियन प्रदेश अध्यक्ष बसंत राय के नेतृत्व में किसानों ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने राशि जल्द जारी करने की मांग की है ताकि स्टॉप डैम कम रपटा निर्माण का कार्य बारिश से पहले पूरा हो सके। इस परियोजना के लिए 24 लाख 90 हजार रुपये की लागत राशि का प्रस्ताव रखा गया है, लेकिन अभी तक इसे मंजूरी नहीं मिली है। किसानों को उम्मीद है कि जल्द ही इस परियोजना को मंजूरी मिलेगी और उनकी समस्या का समाधान होगा। किसानों को नदी में चार से पांच फीट पानी रहने के कारण खेतों तक कृषि कार्य के लिए वाहन लाने ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में, गेहूं की थ्रेसिंग के बाद गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्राली लाते समय नदी मार्ग की ऊंची चढ़ाई पर अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे गेहूं से भरे बोरे जमीन पर बिखर गए।

**जिला पंचायत सीईओ को सौंपा ज्ञापन**

## अपनी जन्मभूमि गैसाबाद पहुंची आर्यिका श्री

# आर्यिका श्री संगमती माता जी की गैसाबाद में हुई भव्य अगवानी

**गैसाबाद।** सन 1996 मे पन्ना जिला मे आचार्य श्री सिद्धांत सागर जी से दीक्षा ग्रहण करने के उपरांत 28 वर्ष बाद 2 अप्रैल 2025 दिन बुधवार को सुबह 8:बजे अपनी जन्मभूमि ग्राम गैसाबाद पहुंची आर्यिका 105 श्री संगमती माताजी की ग्राम गरैह से भव्य अगवानी की गई जिसमें घोड़े बघ्घी बैंड बाजे सहित पलक पावडे बिछाकर पूज्य माताजी का जैन समाज द्वारा स्वागत बंधन अभिनंदन किया गया। ज्ञात हो की ग्राम के मूल निवासी स्वर्गीय श्री छब्बेलाल जैन की चार पुत्रियां मे दूसरे नंबर की श्रीमती मीना (रानू)जैन जिनका



बचपन ग्राम की गलियों में खेल कूद कर व्यतीत हुआ और वही रानू दीदी आज माताजी बनकर गांव में पधारी है। हरिभूमि के संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने माताजी को नमन करते हुए कहा कि हमारे गांव गैसाबाद के लिए यह गर्व की बात है कि हमारे छोटे से गांव की बेटी और मेरी रानू दीदी आज पूरे भारतवर्ष में हमारे गांव का नाम रोशन कर रही है। बबलू जैन ने हरिभूमि को बताया कि श्री राम मंदिर परिसर में पूज्य माताजी के मंगल प्रवचन का आयोजन भी रखा गया है। माता श्री की आगवानी एवं इस धार्मिक आयोजन में बड़े सेठ चंदू जैन प्रेमचंद जैन सकल जैन समाज के अध्यक्ष प्रमोद गुड्डू जैन संजय जैन होटल वाले विजय जैन बजाज निलेश जैन हैप्पी जैन सहित समस्त जैन समाज एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

# भाजपा सरकार भ्रष्टाचारियों को दे रही संरक्षण-ज्योति पटेल



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा में लोकायुक्त और भाजपा सरकार की नाकामी और लैंड पुलिंग एक्त लाकर किसानों की जमीनो को छीनने की सजिश को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी ज्योति पटेल द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारो को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि सौरभ शर्मा मामले में लोकायुक्त द्वारा चालान न पेश करना लोकायुक्त आयुक्त जगदीश प्रसाद का ट्रांसफर करना और उक्त मामले को दबाने की सजिश रचना न्यायपूर्ण नहीं है। उनकी मांग है कि सौरभ शर्मा एवं अन्य दोषियों की हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की निगरानी में है। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि एक तरफ मोहन सरकार किसानो की हितैषी करती है दूसरी तरफ लैंड पुलिस एक्ट लाकर किसानो की जमीने छीनने की सजिश कर रही है। संजय चौरसिया वार्ता प्रभारी आशुतोष शर्मा, रजनी ठाकुर, सुषमा विक्रम ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शमीम कुरैशी, पप्पू कसोटया, कमला निषाद, अरूण मिश्रा, अजय जाटव, रियाज खान संध्या लोधी ने भी कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री विधायक सांसद भ्रष्टाचार में तो लिप्त है ही साथ ही जनता के साथ छलाबा किया जा रहा है शासन की जितनी भी योजनायें है सामाजिक सुरक्षा पेंशन विधवा पेंशन विकलांग वृद्धावस्था लाड़ली बहना खाद्यान्न पर्चा सारी योजनाओं के पोर्टल विगत 6 माह से बंद कर के रखे गये है आम जनता कार्यालयों के चक्कर मार मार कर परेशान है। इस अवसर पर पार्षद अमर सिंह, रफीक खान, शैलेन्द्र ठाकुर, मुकेश रोहिताश, गीता लोधी, एके चिश्ती, मानक अहिरवार, गजराज सींग सहित अनेको कांग्रेसजनों और जिले के समस्त पत्रकारो की उपस्थिति रहीं।

# निषादराज जयंती पर निकली रैकवार मांझी समाज की ऐतिहासिक शोभायात्रा



**प्रभु श्रीराम की झांकी के दर्शन करने उमड़ा जनसैलाब, ढिमरयाई नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला रैकवार मांझी समाज दमोह के द्वारा नवरात्रि की पंचमी पर प्रभु श्रीराम के सखा और रैकवार समाज के आराध्य देव गृहराज निषादराज महाराज जी की जन्म जयंती पर ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। सर्व प्रथम फुटेरा मुहल्ला, चैनपुरा, पलंदी चौराहा, मुकेश नायक कालोनी, शोभा नगर, सुभाष कालोनी, फिल्टर कालोनी, लोकों कालोनी में श्रृंगवेरपुर के राजा गृहराज का पूजन उपरांत विभिन्न मुहल्लों से शोभायात्रा महाराणा प्रताप स्कूल के मैदान पहुंची जहां पर स्वजातीय बंधुओं सहित समस्त जनप्रतिनिधियों के द्वारा निषादराज महाराज का पूजन अर्चन करने के उपरांत निषादराज महाराज जी की जयंती पर आयोजित ऐतिहासिक शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो पुराना थाना, मोहन टॉकीज, बकौली सांई मंदिर, हनुमान गढ़ी, घंटाघर, एवरेस्ट लॉज, राय तिराहा, स्टेशन चौराहा, बस स्टैंड चौराहा, जिला सहकारी बैंक चौराहा, अम्बेडकर चौक, भाजपा कार्यालय से डाक्टर हाऊस होती हुई वापिस महाराणा प्रताप स्कूल मैदान पहुंची जहां पर प्रसाद वितरण के साथ यात्रा में शामिल स्वरूपों का पूजन कर समापन किया गया। निषादराज महाराज की शोभायात्रा में भगवान प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण सीता मैया और निषादराज महाराज की झांकी के दर्शन करने भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा के दौरान ढिमरयाई नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। तो शोभायात्रा के दौरान बैंड़ बाजें की धुन पर महिला, पुरुषों के साथ समाज के युवा और युवतियां नाचते झूमते साथ चलती रही। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। निषादराज जयंती पर आयोजित शोभायात्रा के दौरान नगर के 39 वार्डों की रैकवार माझी समाज की हजारों की संख्या में मौजूदगी रही।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले स्कूल संचालक के खिलाफ विहिप बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





विगत 1 अप्रैल 2025 को जॉय स्कूल विजय नगर के संचालक अखिलेश मैबन के द्वारा हमारे आराध्य भगवान श्री राम जी के लिए एवं समस्त हिंदू समाज के विरुद्ध अपमान एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई , जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं,इन्हीं के ईसाई समुदाय से आने वाले लोगों द्वारा इसको सोशल मीडिया पर शेयर भी किया , जिसका पुरजोर विरोध विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल करता है। प्रभु श्री राम जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अखिलेश मेबन के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट विजय नगर थाना जबलपुर में दर्ज की गई है, जिसमें अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गई है, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शासन प्रशासन से यह मांग करता है कि प्रभु श्री राम जी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले इस व्यक्ति जिसका आपराधिक रिकॉर्ड भी है इसके सभी कृत्यों पर अभी तक कोई भी कारवाही नहीं की गई है , अखिलेश का जो मकान बना है वह भी अवैध रूप से बनाया गया है इस पर कड़ी से कड़ी कारवाही की जाए ।साथ ही इस पर रासुका की कारवाही करने की मांग भी संगठन द्वारा की गई। इसके अलावा जिन लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट को शेयर किया है उनके खिलाफ जांच कर FIR करते हुए गिरफ्तारी की मांग भी संगठन द्वारा की गई। इसी के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा गुरुवार को SP ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन दिया गया, जिसमें तत्काल गिरफ्तारी और रासुका की कार्यवाही करने की मांग की गई और कहा कि यदि तत्काल गिरफ्तारी नहीं की गई तो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल भविष्य में उग्र आंदोलन करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के पदाधिकारी, मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की बहने और सैकड़ों की संख्या में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## क्षेत्र में आनलाइन आईपीएल सट्टा बाजार जोरों पर

**पथरिया।** क्षेत्र में वैसे तो हर अवैध कारोबार चरम सीमा में चल रहे हैं लेकिन सोचने वाली बात है कि कार्यवाही नही हो पाती विगत वर्ष 2 बार वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश में दमोह पुलिस द्वारा जुआ फड़ पर कार्यवाही की लेकिन उसके बाद भी क्षेत्र में कही भी कार्यवाही नही हो पाती जो चर्चा का विषय बना हुआ है। नगर में शासकीय शराब दुकान 2 है पर हर गांव गांव वार्ड में शराब सुलभ तरीके से उपलब्ध हो रही पर कोई ध्यान नही दिया जाता वह तो भगवती कल्याण संगठन के सदस्यों को अवैध शराब मिल जाती है नही तो प्रशासन की नजर में कही नही बिकती। वही एक नब्बे सट्टा व आनलाइन आईपीएल सट्टा का बाजार गर्म है। एक वर्ष से ज्यादा समय बीतने को है पर जनप्रतिनिधियों की नजर में क्षेत्र में सब कुछ अच्छा माहौल बना हुआ है हकीकत में कुछ हो। वही जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर जनता सवाल जरूर करें पर जब जनता की कोई सुनने वाला ही नही तो क्या फर्क पड़ता है क्या शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करेंगे। ऐसी जनपेक्षा है।